मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 8, मुंबई, शनिवार, 29 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

## मीरा-भायंदर के पूर्व भाजपा विधायक...

# नरेंद्र मेहता पर रेप का केस दर्ज

### पीड़िता ने एआईआर में बताया कि उसके साथ दुर्व्यवहार 1999 से चल रहा था

वायरल वीडियो में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता एक होटल के कमरे में निर्वस्त्र महिला के साथ दिख रहे। महिला ने दावा किया है कि उन्होंने ही यह स्टिंग कराया था ताकि नरेंद्र मेहता के अनैतिक कार्यों से पर्दा उठ सके।

**मुंबई।** ठाणे की एक महिला नगरसेविका ने मीरा-भायंदर के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता समेत दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर रेप का मुकदमा दर्ज करवाया है। मीरा-भयंदर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा,'इस मामले में संजय तरकर और मेहता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



### वायरल हुआ है नरेंद्र मेहता का अश्लील वीडियो

नरेंद्र मेहता का अश्लील वीडियो कुछ दिनों से वायरल हो रहा है। इसे एक स्टिंग ऑपरेशन बताया जा रहा है। पीड़िता ने एक और वीडियो जारी कर मेहता से परिवार को जान-माल का खतरा बताया है। वीडियो वायरल होने पर मेहता ने वीडियो में कहा, मैं नहीं चाहते कि पार्टी की छवि खराब हो और हमारे नेताओं को शर्मिंदा होना पड़े। इसलिए वे पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

**मेहता ने भाजपा से इस्तीफा देते हुए राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी**

दिल्ली हिंसा

## शिवसेना ने केंद्र पर निशाना साधा

### सामना में पूछा- जब दंगे हो रहे थे तब अमित शाह कहां थे?



**मुंबई।** देश की राजधानी दिल्ली में हुई हिंसा को लेकर शिवसेना ने पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में केंद्र सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। पार्टी की शुक्रवार की संपादकीय में पूछा है कि जब दिल्ली में दंगे हो रहे थे तो शाह कहां थे? क्या कर रहे थे? उधर, पार्टी प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय राउत अयोध्या दौरे पर हैं। वहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अब धार्मिक भावनाओं को जगाकर चुनाव नहीं जीता जा सकता है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




## शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों को 5% आरक्षण देने का कानून बनाने पर विचार कर रही है उद्धव सरकार : नवाब मलिक

**मुंबई।** महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से पहले राज्य में मुस्लिमों को शिक्षा के क्षेत्र आरक्षण देने जा रही है। यह 5% हो सकता है। यह जानकारी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने शुक्रवार को विधानसभा में दी। दरअसल, मलिक राज्य में मुस्लिम आरक्षण की वर्तमान स्थिति पर पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा- निजी स्कूल-कॉलेजों में भी यह आरक्षण लागू करने के कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

**नवाब मलिक ने कहा- उद्धव सरकार प्राइवेट संस्थाओं में नौकरी के लिए कानून बनाने पर विचार कर रही है**



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### शाहरुख खान की सास की कंपनी पर लगा 3.09 करोड़ रुपये का जुमार्ना

**मुंबई।** अलीबाग के थाल में खड़े किए अपने आलीशान बंगले के लिए देजा वू फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड के ऊपर 3.09 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस कंपनी की डायरेक्टर बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की सास सविता छीबा और पत्नी गौरी खान की बहन नमिता छीबा हैं। यह बंगला 2018 में बनाया गया था और यहां बॉलिवुड की कई हाई-प्रोफाइल पार्टियां हुई हैं। शाहरुख का 52वां बर्थडे भी यहीं मनाया गया था।

करीब 1.3 एकड़ में फैले इस फार्महाउस में एक स्विमिंग पूल और हेलिपैड भी है। देजा वू कंपनी की मुश्किलें 29 जनवरी, 2018 को शुरू हुई थीं जब कंपनी को नोटिस भेजा गया। जमीन खरीदने के बाद तत्कालीन कलेक्टर से इस प्लॉट पर खेती करने की इजाजत ली गई लेकिन फिर फार्महाउस की जगह नई इमारत खड़ी की गई जिसे बॉम्बे टेनेंसी ऐक्ट की धारा 63 का उल्लंघन माना गया। इस मामले 20 जनवरी, 2020 को कलेक्टर ने नोटिस जारी करते हुए सरकार को 3.09 करोड़ रुपये जुमार्ना भरने के लिए कहा। जुमार्ना भरने के साथ प्रॉपर्टी के ट्रांसफर को वैध माना जाएगा लेकिन महाराष्ट्र लैंड रेवेन्यू कोड और महाराष्ट्र रीजनल टाउन प्लानिंग ऐक्ट के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। अलीबाग में कोस्टल रेग्युलेटरी जोन के नियमों का उल्लंघन करने वाले बंगलों के खिलाफ मुहिम चला रहे ऐक्टिविस्ट सुरेंद्र धावले ने बताया है, 'देजा वू ने अडिशनल कलेक्टर से खेती की इजाजत ली लेकिन खेती नहीं की गई। 2007-08 में बंगले का निर्माण किया गया और उन्हें 2018 में नोटिस दिया गया।'

धावले ने बताया कि कंपनी के डायरेक्टर्स ने जमीन पर नारियल के पेड़ लगाकर कमाई करने की बात कही। उन्होंने बताया, 'उनके जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर कलेक्टर ने फाइन लगाया लेकिन बॉम्बे टेनेंसी ऐक्ट की धारा 84सीसी के तहत जुमार्ने का प्रावधान नहीं है सिर्फ जमीन जब्त की जा सकती है। मैं इसे हाई कोर्ट में चुनौती देने जा रहा हूं। बंगला पर्यावरण संरक्षण कानून के सीआरजेड नोटिफिकेशन के तहत आता है।'

### पुलिस की अपील के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने टाली रैली

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बृहस्पतिवार शाम को होने वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की रैली टाल दी गई है। पार्टी के प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी यहां सीएए, एनआरसी और एनपीआर के विरोध में सार्वजनिक रैली को संबोधित करने वाले थे। पुलिस की अपील के बाद इसे टाल दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि देश में मौजूदा हालात को देखते हुए पुलिस ने आयोजकों से रैली रद्द करने का अनुरोध किया था। ओवैसी भिवंडी के धोबी तलाव इलाके में परशुराम तावड़े स्टेडियम में शाम छह बजे के बाद रैली को संबोधित करने वाले थे। एआईएमआईएम की स्थानीय इकाई इस रैली की आयोजक थी। हालांकि भोईवाड़ा पुलिस थाने ने बुधवार को पार्टी की स्थानीय इकाई को पत्र भेजकर कार्यक्रम रद्द करने का अनुरोध किया था।

डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया, 'देश में मौजूदा स्थिति पर गौर करते हुए पुलिस ने आयोजकों को पत्र भेजकर उनसे जनसभा को टालने का अनुरोध किया था और आयोजक इस अनुरोध पर राजी हो गए।' औरंगाबाद से एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने ट्वीट किया, 'एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी मुंबई के भिवंडी में बृहस्पतिवार शाम को जनसभा को संबोधित करने वाले थे लेकिन पुलिस के इसकी इजाजत नहीं देने और इसे बाद में आयोजित करने के अनुरोध के बाद रैली को टाल दिया गया है।

# मराठी भाषा का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** मराठी भाषा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि मराठी भाषा का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इसकी जड़ें इतनी गहरी और मजबूत हैं कि मुगल और अंग्रेज भी इसे खत्म नहीं कर सके। एक समय ऐसा था, जब मराठा के घोड़ों की टाप की आवाज से दुश्मन घबरा जाते थे, मराठी शक्ति और भक्ति की भाषा है।

कविवर्य विवा शिरवाडकर 'कुसुमाग्रज' की जयंती दिवस पर मराठी भाषा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्रंथ यात्रा निकाली गई, जिसमें उद्धव



ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस सहित सभी पार्टियों के विधायक शामिल हुए। विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा देने की मांग पुरानी है, लेकिन दुर्भाग्य से यह मांग पूरी नहीं हुई है, इसके लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। गुरुवार को उद्योग मंत्री सुभाष देसाई द्वारा पेश मराठी को अभिजात भाषा वर्ग का दर्जा देने का प्रस्ताव भी विधानसभा में पास किया गया। देसाई ने कहा कि हम केंद्र से मांग करेंगे कि जल्द ही मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा दिया जाए।

### भीमा कोरेगांव से संबंधित 348 मामले अब तक वापस लिए गए: गृह मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गुरवार को विधान परिषद में बताया कि राज्य सरकार ने कोरेगांव भीमा हिंसा से संबंधित 348 मामलों को वापस ले लिया है। कांग्रेस विधायक शरद रनपीसे के सवाल के जवाब में उन्होंने यह बात कही। देशमुख ने कहा, 'कोरेगांव भीमा हिंसा के संबंध में कुछ लोगों के खिलाफ 649 मामले दर्ज किए गए हैं और इनमें से अब तक 348 मामलों को वापस ले लिया गया है।' बताया, 'अन्य मामलों को जांच पूरा हो जाने के बाद वापस ले लिया जाएगा।' देशमुख ने यह भी बताया कि राज्य सरकार महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत एलगार परिषद मामले में एक जांच आयोग बिठाने पर विचार कर रही है।

## मालेगांव मामला: मुंबई में विशेष अदालत में पेश हुई प्रज्ञा ठाकुर

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर 2008 मालेगांव विस्फोट मामले के संबंध में यहां एक विशेष एनआईए अदालत में गुरुवार को पेश हुईं। वह इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। उनकी पेशी से एक दिन पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश वी एस पडलकर ने मामले के सभी आरोपियों से कहा कि वे पिछले साल मई में दिए अदालत के आदेश का संज्ञान लें जिसमें उन्हें हफ्ते में कम से कम एक बार अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था।

ठाकुर आखिरी बार जून 2019 में अदालत में पेश हुई थीं। ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद



पुरोहित समेत सात लोग मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उत्तर महाराष्ट्र से करीब 200 किलोमीटर दूर स्थित शहर मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगे बम में विस्फोट हुआ था जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे।

इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक तीखी टिप्पणी में कहा था कि 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में मुकदमे में कोई प्रभावी प्रगति नहीं हुई है। हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से इस देरी पर सफाई भी देने को कहा।

## 26/11 हमलों के हीरो को यौन शोषण के अपराध में 5 साल की जेल

**मुंबई।** एक स्पेशल कोर्ट ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेज ऐक्ट के तहत पूर्व दमकलकर्मी को 2018 में एक नाबालिग बच्चे का यौन शोषण करने के मामले में दोषी करार दिया है। एक स्पेशल जज ने आरोपी दयानंद कांबले को पॉक्सो ऐक्ट की धारा 8 और 12 के तहत अपराधी मानते हुए पांच साल कठोर जेल की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। कांबले को आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध) के तहत आरोप से बरी कर दिया गया है। कांबले ने मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में आग बुझाने का काम किया था।

स्पेशल सरकारी वकील वीना शेलार ने कोर्ट को बताया कि पीड़ित घटना के वक्त 8 साल का था और वह अपने दोस्त को ढूंढते हुए कांबले के घर पहुंचा था। वहां कांबले ने उसका यौन शोषण किया। घर जाकर बच्चे ने सारी बात अपने पैरेंट्स को बताई। वे कांबले के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।



कांबले के वकीलों ने कोर्ट में कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चा कांबले को पसंद नहीं करता था क्योंकि वह क्रिकेट खेलने के लिए डांटते थे। कांबले के वकीलों ने कोर्ट में यह भी बताया कि कांबले का ऐसा कोई इतिहास नहीं रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 26/11 के हमलों में कांबले भी आग बुझाने के काम में लगे थे।

पीड़ित ने इस बात को माना था कि गली में क्रिकेट खेलते वक्त कांबले की खिड़कियों पर गेंद मारी थी। हालांकि, उसने कहा कि कांबले ने कभी उसे या उसके दोस्तों को डांटा नहीं है। कोर्ट ने इस बात को नहीं माना कि कांबले को फंसाया गया है। कोर्ट ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि कांबले और बच्चे के बीच में पहले से कोई झगड़ा रहा हो।

## बेममौसम बारिश से प्रभावित किसानों को भी कर्जमाफी!

**मुंबई।** राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित कर्जमाफी योजना का लाभ बेमौसम बरसात से प्रभावित किसानों को भी मिलेगा। यह घोषणा विधानसभा में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने की। विधानसभा में प्रश्नोत्तर के दौरान नेता विपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने अक्टूबर 2019 के बाद बेमौसम बरसात से प्रभावित किसानों को कर्जमाफी देने की मांग की थी। जवाब में अजित पवार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले किसान कर्जमाफी योजना का लाभ किसानों को कर्जमुक्त करने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। अगले दो महीने यह प्रक्रिया पूरी होगी और उसके बाद बेमौसम बरसात से प्रभावित किसानों की कर्ज माफी पर भी सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। इसके लिए सरकार रिपोर्ट मंगाएगी, और कर्जमाफी योजना का लाभ दिया इन किसानों को भी दिया जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि सरकार सितंबर 2019 तक किसानों को कर्जमाफी का लाभ दे रही है। उसके बाद अक्टूबर में हुए भरी बारिश से प्रभावित किसान कर्जमाफी से वंचित रहेंगे। अक्टूबर से शुरू हुई बेमौसम बरसात से राज्य में करीब 95 लाख हेक्टेयर की फसल बर्बाद हुई थी। इससे करीब 50 हजार किसान प्रभावित हुए थे। उनकी हालत दयनीय है, इसलिए ऐसे किसानों को भी कर्जमाफी योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को लेकर गंभीर है, हम बेमौसम बरसात से पीड़ित किसानों की रिपोर्ट मंगा कर उचित निर्णय लेंगे।

बता दें कि उद्धव ठाकरे सरकार ने 24 फरवरी को किसान कर्जमाफी की पहली सूची जारी करते हुए राज्य में 15 हजार 358 कर्जमाफी प्राप्त किसानों की लिस्ट जारी की थी। सरकार का कहना है कि किसानों की दूसरी लिस्ट 28 फरवरी को जारी करने की घोषणा की गई है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दिल्ली हिंसा: शिवसेना का निशाना- दिल्ली जल रही तो कहां थे अमित शाह

**मुंबई।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा को लेकर शिवसेना ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा कि जब दिल्ली जल रही थी, लोग आक्रोश व्यक्त कर रहे थे तब गृहमंत्री अमित शाह कहां थे? अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के दौरान दिल्ली में हुई हिंसा पर सवाल उठाते हुए सामना में लिखा गया कि जब दिल्ली में लोग मारे जा रहे थे केंद्र का आधा मंत्रिमंडल अहमदाबाद में 'नमस्ते, नमस्ते साहब' कहने के लिए गया था। सामना में जस्टिस मुरलीधर के ट्रांसफर को लेकर भी सवाल उठाए गए।

सामना के संपादकीय में लिखा गया, 'देश की राजधानी में जब 38 लोग मारे गए, उनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं और केंद्र का आधा मंत्रिमंडल उस समय अहमदाबाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को सिर्फ नमस्ते, नमस्ते ट्रंप कहने गया था। लगभग तीन दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शांति बनाए रखने का आह्वान किया।'

इसमें आगे कहा गया, 'राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल चौथे दिन अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली की सडकों पर लोगों से चर्चा करते दिखे, इससे क्या होगा? सवाल यह है कि इस दौर में हमारे गृहमंत्री के दर्शन क्यों नहीं हुए? विधानसभा चुनाव में



अमित शाह गृहमंत्री होते हुए भी घर-घर प्रचार का पत्रक बांटते घूम रहे थे लेकिन जब पूरी दिल्ली हिंसा की आग में जल रही थी तब यही गृहमंत्री कहीं दिखाई नहीं दिए।'

सामना में आगे जज के ट्रांसफर का मुद्दा भी उठाया, 'दिल्ली में 1984 के दंगों की तरह भयंकर हालात निर्माण न हो, सभी आम नागरिकों को जेड सुरक्षा देने का वक्त आ गया है। ऐसी टिप्पणी न्यायाधीश मुरलीधर ने की और अगले 24 घंटों में न्यायाधीश के तबादले का आदेश राष्ट्रपति भवन से निकल गया। न्यायालय को भी सत्य बोलने की सजा मिलने लगी है क्या?'

कमजोर विपक्ष पर निशाना साधते हुए 'सामना' में कहा गया, 'देश का विपक्ष बेबस है अन्यथा दिल्ली में 38 लोगों की हत्या के लिए सरकार की गर्दन पर बैठकर सवाल पूछा गया होता कि 38 लोगों की बलि चढ़ी या उन्हें बलि चढ़ाने दिया गया वो भी राष्ट्रपति ट्रंप की मौजूदगी में। राष्ट्रवाद का उन्माद और धर्मांधता की मदमस्ती ये दो प्रवृत्तियां देश को 300 साल पीछे धकेल रही है। भडकाऊ भाषण राजनीति में निवेश बन गए हैं।'

सामना में कहा गया, 'केंद्र के एक मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश अब दिल्ली हाई कोर्ट ने दिया है, जिन्होंने ये आदेश दिया है इस न्यायमूर्ति को ही सरकार ने सजा दे दी। वीर सावरकर के गौरव के लिए जो लोग राजनैतिक नौटंकी कर रहे हैं वे देश के गौरव के बारे में सोचें। राजधानी की हिंसा का धुआं देश का दम घोंट रहा है। उस धुएं में देश के गृहमंत्री कहीं भी दिखाई नहीं देते। चिंता करने जैसा ये मामला है।'

## फ्री बिजली देने पर रिपोर्ट का इंतजार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लोगों को 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने की योजना लागू करने के लिए उर्जा मंत्री नितिन राऊत विभाग के रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, दिल्ली के केजरीवाल की सफल योजना को महाराष्ट्र में लागू करने की पहल का राज्य के वित्त मंत्री विरोध कर चुके हैं।

गुरुवार को ऊर्जा मंत्री राऊत ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना पर हमारा उर्जा विभाग तेज गति से काम कर रहा है। तीन महीने में रिपोर्ट आ जाएगी। रिपोर्ट पर अध्ययन करने के बाद अंतिम फैसला लेने के लिए तीन महीने का वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि 100 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए सरकारी बिजली कंपनी के खर्चों में कमी करनी पड़ेगी।

## अवैध बांग्लादेशियों की सूचना देने वालों को राज ठाकरे की पार्टी देगी 5 हजार का इनाम

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने अवैध प्रवासियों की सूचना देने वाले लोगों के लिए इनाम का ऐलान किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने औरंगाबाद जिले में पोस्टर लगाने के साथ ही यह ऐलान किया है कि अगर कोई भी शख्स शहर में रहने वाले अवैध बांग्लादेशियों और पाकिस्तानियों की पहचान पार्टी को बताता है तो उसे 5 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के शहर अध्यक्ष सतनाम सिंह गुलाटी ने गुरुवार को जिले में बने अपने ऑफिस के बाहर इन पोस्टरों को लगवाया है। एमएनएस का यह ऑफिस औरंगाबाद में पार्टी




की गतिविधियों का आधिकारिक केंद्र होगा, जिसका उद्घाटन गुरुवार को ही किया गया है। यह पोस्टर उस वक्त लगाए गए हैं, जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में सीएए और एनआरसी को लेकर विरोध और समर्थन का दौर जारी है।

पोस्टरों के बारे में बात करते हुए सतनाम सिंह गुलाटी ने कहा कि फिलहाल एमएनएस के पास ऐसे किसी शख्स की जानकारी नहीं है, जो कि अवैध रूप से यहां रह रहा हो। गुलाटी का कहना है कि अगर किसी नागरिक से जानकारी मिलने पर अवैध रूप से रह रहे शख्स को पुलिस के हवाले कराया जाएगा। इसके अलावा सूचना देने वाले व्यक्ति को एमएनएस इनाम देगी। बता दें कि राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना वर्तमान में महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में प्रभावी रूप से जीत हासिल करने के लिए अपनी रणनीति बनाने में जुटी हुई है।

## महाराष्ट्र में भी सीएए के खिलाफ प्रस्ताव लाया जाए: पूर्व मंत्री नसीम खान

**मुंबई।** बिहार की तर्ज पर महाराष्ट्र की महाविकास आघाडी सरकार भी राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ प्रस्ताव मंजूर करें। इस मांग को साकार रूप देने के लिए कांग्रेस नेता व राज्य के पूर्व मंत्री नसीम खान ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की।

नसीम ने बताया कि सीएए संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। असम में एनआरसी के चलते हजारों लोगों की नागरिकता चली गई है, जबकि वे इस देश के ही नागरिक हैं। उन्होंने मांग की कि एनआरपी 2010 में तय मानक के अनुसार होनी चाहिए।

मुलाकात के बाद विधानभवन में पत्रकारों से बात करते हुए खान ने कहा कि बीजेपी की दोमुंही बात सामने है। बिहार में उनकी ही सरकार



है, जहां के विधानसभा में सीएए, एनआरसी व एनपीआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर रही है, जबकि महाराष्ट्र में बीजेपी इसका समर्थन कर रही है।

## पानी के 21 मीटर नीचे से गुजरेगी मेट्रो-3, 2022 से पकड़ेगी रफ्तार

**मुंबई।** मीठी नदी के नीचे बन रहे मेट्रो टनल का काम पूरा हो गया है। मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो को धारावी से बीकेसी तक पहुंचाने के लिए मीठी नदी के करीब 21 मीटर नीचे टनल तैयार किया गया है। 2022 से मेट्रो से यात्रा करने की संभावना है। एमएमआरसीएल ने जून 2019 में पानी के नीचे टनल तैयार करने का काम शुरू किया था।

बीकेसी से धारावी के बीच 1.5 किलोमीटर लंबा टनल तैयार किया जा रहा है। इसमें से मीठी नदी के नीचे 1.1 किलोमीटर का टनल तैयार हो गया है। एमएमआरसीएल अधिकारी के अनुसार, 1.1 किमी के मार्ग में केवल 242 मीटर के हिस्से में ही सालभर पर पानी रहता है, जबकि बचे हुए भाग में केवल हाई टाइड और बारिश के दौरान ही पानी




आता है। धारावी से बीकेसी के बीच 1.5 किलोमीटर की दो टनल का निर्माण हो रहा है। इसमें से एक टनल का काम 1314 मीटर और दूसरे टनल का काम 956 मीटर तक पूरा कर लिया गया है। आपात स्थिति से निपटने और दोनों टनल को जोडने के लिए 154 मीटर की एक अलग सुरंग का निर्माण हो रहा है, जिसका काम 16 मीटर तक काम पूरा हो गया है। कफ परेड में जमीन से 22 मीटर नीचे मेट्रो स्टेशन और टनल तैयार करने का काम चल रहा है। इस काम को अंजाम देने के लिए यहां रोजाना करीब 150 धमाके किए जा रहे हैं। पेट्रोलियम जेल के माध्यम से विस्फोट कर चट्टानों को तोडने का काम किया जा रहा है। मेट्रो के एक इंजिनियर के अनुसार, चट्टान में ब्लास्ट करने के लिए 8 से 9 मीटर ड्रिलिंग की जाती है, इसके बाद पेट्रोलियम जेल की मदद से धमाका कर टनल का निर्माण किया जाता है, जबकि जमीन की खुदाई के लिए 1 मीटर गहरी ड्रिल करने के बाद जेल से धमाका कर मेट्रो स्टेशन की खुदाई की जाती है। पानी के नीचे टनल की खुदाई के दौरान रोजाना 100 से 120 डंपर के बराबर मिट्टी बाहर निकाली जाती थी। चार डिब्बों वाली ट्रेन के माध्यम से रोजाना 1,200 से 1,300 क्यूबिक मीटर मिट्टी टनल से बाहर निकाली जाती थी। एमएमआरसीएल के अनुसार, टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) की सहायता से पानी के नीचे एक दिन में केवल 10 मीटर तक ही टनल तैयार होती है। बीकेसी से धारावी के बीच बन रहे 1.5 किलोमीटर लंबे टनल का 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अप्रैल 2020 तक इस रूट पर टनल का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# लाखों रुपए की धोखाधड़ी मामले में गोरेगांव पुलिस बनी मूकदर्शक

## गोरेगांव के राम मंदिर इलाके में मोहम्मद इमरान खान और बिलकिश खातून नाम की महिला ने दुबई में नौकरी दिलवाने के नाम पर की लाखों रुपए की ठगी



मोहम्मद इमरान खान



बिलकिश खातून

**मुंबई।** मुंबई शहर मे धोखा होना आम बात हो चुकी है और ऐसे मामलों में पुलिस का रवैया काफी ढीला दिखाई देता है। ऐसा ही एक सनसनी मामला हमारे सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक गोरेगांव के राम मंदिर इलाके में मोहम्मद इमरान खान और बिलकिश खातून नाम की महिला ने दुबई में नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखो रुपए कि ठगी की है। इस मामले में पीडितों के नाम 1: आशिष कुमार 2: आयुष कुमार 3: मुन्ना कुमार, 4: मुकेश कुमार और सुग्रीव कुमार है। इन लोगों ने बताया कि इन्हे दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी की है। पीडित के अनुसार मोहम्मद इमरान खान अमन इंटरनेशनल नाम की कंपनी चलता था, जिसका कार्यालय तापू कोमर्लेशल सेंटर अपोजिट मूवी स्टार सिनेमा तीसरी मंजिल आफिस क्रमांक 309 राम मंदिर स्टेशन रोड गोरेगांव वेस्ट में है, जो कि अभी बंद है। पीडितों ने बताया कि वह सुबह से गोरेगांव पुलिस स्टेशन के चक्कर काट रहे है, मगर गोरेगांव पुलिस दुसरे पर जिम्मेदारी डालकर इस मामले से अपना पल्ला झाड़ रही है। इस मामले में पीडितों ने दैनिक मुंबई हलचल कार्यालय में आकर दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान से मदद कि गुहार लगाई **दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फौरन गोरेगांव पुलिस स्टेशन में पत्र भेजकर इस मामले में सख्त कार्यवाही करते हुए और जल्दी आरोपीयों को गिरफ्तार कर पीडितों को न्याय दिलवाने की अपील की।** दैनिक मुंबई हलचल कार्यालय से पत्र भेजने के बाद भी पुलिस कि तरफ से इस मामले मे कोई कार्यवाही नहीं की गयी। आखिर पुलिस इस मामले से अपनी कनी क्यो काट रही है, क्या पुलिस को इस मामले मे उनका हिस्सा मिल चुका है, क्या इस मामले में पीडितों को न्याय मिलेगा।


(पृष्ठ 1 का शेष)


**मीरा-भायंदर के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता पर रेप...**

**फिलहाल** दोनों आरोपी फरार हैं।' इस घटना से जुड़ा एक अश्लील वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसके बाद मेहता ने भाजपा से इस्तीफा देते हुए राजनीति से संन्यास लेने की बात कही है। पीड़िता ने दर्ज एआईआर में बताया कि उसके साथ दुर्व्यवहार 1999 से चल रहा था और उसके परिवार को मेहता से खतरा है। मेहता और तारकर पर भारतीय दंड संहिता और अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 376 (बलात्कार) और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो में पूर्व विधायक मेहता एक होटल के कमरे में निर्वस्त्र महिला के साथ दिख रहे हैं। महिला ने दावा किया है कि उन्होंने ही यह स्टिंग कराया था ताकि मेहता के अनैतिक कार्यों से पर्दा उठ सके। एक साल पहले एसपी से इसकी शिकायत की थी और वीडियो क्लिप पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दी थी। उन्हीं में से किसी ने इसे वायरल किया होगा।

**शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों को 5% आरक्षण...**

इसके साथ ही उद्धव सरकार प्राइवेट संस्थाओं में नौकरी के लिए भी अध्यादेश लाकर कानून बनाने पर विचार कर रही है। वे जल्द ही इस मामले में उचित निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा- पिछली सरकार ने जानबूझ कर इस मामले को ठंडे बस्ते में डालने का काम किया है। नवाब मलिक ने मुसलमानों को शिक्षण संस्थानों में कोटा देने को लेकर कहा, सरकारी शिक्षण संस्थानों में मुसलमानों को 5% आरक्षण देने के लिए उच्च न्यायालय ने अपना पक्ष रखा है। पिछली सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की थी, इसलिए हमने घोषणा की है कि हम जल्द से जल्द कानून के रूप में हाईकोर्ट के आदेश को लागू करेंगे। कांग्रेस विधायक जिशान सिद्दीकी ने सरकार के इस फैसले को सही बताया है। उन्होंने कहा- इससे युवाओं के भीतर शिक्षा अच्छी मिल सकेगी। आगे रोजगार के अवसर भी सही तरीके से मिल सकेंगे। वहीं, बीजेपी के राम कदम ने कहा- धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह ऐलान सिर्फ महाविकास आघाड़ी का राजनीतिक स्टंट है। इस बीच, शिवसेना का रुख स्पष्ट करने के लिए मंत्री अनिल परब सामने आए। उन्होंने कहा- जो भी फैसला लिया गया है और मुस्लिम आरक्षण के संदर्भ में जो भी घोषणा की गई है, वह महाविकास अघाड़ी का फैसला है और उसमें शिवसेना साथ में है। साल 2018 में महाराष्ट्र विधानसभा में चर्चा के दौरान शिवसेना ने मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण दिए जाने की वकालत की थी। बता दें कि 2014 में मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस-एनसीपी सरकार ने मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण और मराठों को 16 फीसदी आरक्षण की घोषणा की थी। हालांकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए सिर्फ शिक्षा में मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण जारी रखा।

**शिवसेना ने केंद्र पर निशाना साधा**

संपादकीय में प्रधानमंत्री के तीन दिन बाद शांति के आह्वान पर भी सवाल उठाया है। शिवसेना ने लिखा है, 'देश की राजधानी में 37 लोग मारे गए उनमें पुलिसकर्मी भी हैं तथा केंद्र का आधा मंत्रिमंडल उस समय अहमदाबाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को सिर्फ 'नमस्ते, नमस्ते साहेब' कहने के लिए गया था।' 'केंद्र में कांग्रेस या दूसरे गठबंधन की सरकार होती और विपक्ष में भाजपा होती तो दंगों के लिए गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा गया होता। गृहमंत्री के इस्तीफे के लिए दिल्ली में मोर्चा व घेराव होता। गृहमंत्री को नाकाम ठहराकर 'इस्तीफा चाहिए' ऐसी मांग की गई होती, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि भाजपा सत्ता में है और विपक्ष कमजोर है।' 'गृहमंत्री और उनके सहयोगी अहमदाबाद में थे, उसी समय गृहविभाग के एक गुप्तचर अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या दंगों में हो गई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल चौथे दिन अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली की सड़कों पर लोगों से चर्चा करते दिखे, इससे क्या होगा? जो होना था वो नुकसान पहले ही हो चुका है।' 'सवाल ये है कि इस दौर में हमारे गृहमंत्री का दर्शन क्यों नहीं हुआ? देश को मजबूत गृहमंत्री मिला है लेकिन वे दिखे नहीं, इस पर हैरानी होती है। विधानसभा चुनाव में अमित शाह गृहमंत्री होते हुए भी घर-घर प्रचार का पर्चा बांटते घूम रहे थे तथा इसके लिए उन्होंने समय निकाला। परंतु जब पूरी दिल्ली हिंसा की आग में जल रही थी तब यही गृहमंत्री कहीं दिखाई नहीं दिए।' संपादकीय में दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस मुरलीधर के ट्रांसफर का मुद्दा उठाते हुए लिखा, दिल्ली में 1984 के दंगों की तरह भयंकर हालात न बने, सभी नागरिकों को जेड सुरक्षा देने का वक्त आ गया है।

# समाचार विशेष

मुंबई, शनिवार, 29 फरवरी 2020



## प्रविण गांधी कालेज आफ लॉ में आयोजित हुआ विविध 20 इवेंट
















**मुंबई के प्रविण गांधी कालेज आफ लॉ में आयोजित इवेंट विविध २० कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रार्यक्रम में थर्ड वल्ड वार के मुद्दे पर काफी चर्चाये हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऐडवोकेट अशरफ अहमद शेख मौजूद रहे। इस क्रार्यक्रम की शूरूआत दीपप्रयोलित करके और भगवान का आशीर्वाद लेकर इस कार्यक्रम कि शूरूआत की गयी। इस क्रार्यक्रम में कई बच्चों ने राजनेता बनकर बढ़चढकर हिस्सा लिया। प्रविणगांधी कालेज आफ लॉ की वाइस प्रिसिंपल डॉ. नवशिक्षा दुआरा ने बताया कि यह कार्यक्रम लगभग 11 वर्षो से चल रहा है और इस तरह के क्रार्यक्रम करने से विद्यार्थियों की कई राजनितिक समस्याओ का समाधान होता है मीठी बाई प्रविण गांधी कालेज आफ लॉ के विद्यार्थियों ने ऐडवोकेट अशरफ अहमद शेख को फुलों का गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया है। यह क्रार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रविण गांधी कालेज आफ लॉ की प्रिसिंपल डॉ. नूतन मड़ीवाल ने अपने विद्याथियों को बधाई दी।**

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह मनाया गया














**आर.डी.** नेशनल कॉलेज, 70 वर्षों की विरासत के साथ मुंबई के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक और हैदराबाद सिंध नेशनल कॉलेजिएट बोर्ड द्वारा स्थापित चौबीस शैक्षणिक संस्थानों में से पहला 28 फरवरी, 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जब कॉलेज शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने की बात करता है, तो वह एक अग्रणी संस्थान होता है, जिसने स्नातक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कला प्रयोगशाला, कॉमन फैसिलिटी सेंटर और ई-लर्निंग लैब जैसे अपने परिसर में नई सुविधाओं का उद्घाटन किया; और विघ्न गौरव पुरस्कार के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सात असाधारण शोधकताओं और शिक्षाविदों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे मुख्य अतिथि प्रो राजन राजन वेलुकर (जीएच रायसोनी विश्वविद्यालय के कुलपति और मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति) के साथ शुरू हुआ और अन्य बहुउद्देश्यीय खेल उपयोगिता केंद्र जहां अन्य गणमान्य व्यक्ति हैं राष्ट्रीय कॉलेज के छात्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. नेहा जगतियानी ने स्वागत भाषण दिया और सुश्री माया शाहनी का अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षणिक संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के असीम क्षेत्र से लाभ उठा सकते हैं और राष्ट्रीय महाविद्यालय को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय महाविद्यालय बनाने में डॉ. जगतियानी और उनकी टीम के अथक प्रयासों को बधाई दी। विज्ञान गौरव पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्तित्व रामकृष्ण वी. होसुर फॉर रिसर्च इन साइंस थे; भौतिकी अनुसंधान में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए डॉ. अरुण कुमार निगम; डॉ। सुनील पाटिल, निदेशक, छात्र विकास बोर्ड। मुंबई विश्वविद्यालय में स्नातक अनुसंधान के उत्थान के लिए; डॉ. सागरिका दामले जैविक विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए; इंदिरा (नवाचार) में अरोमा मिशन में अपने मूल्यवान योगदान के लिए श्री रमाकांत हरलालका; डॉ अंजलि पुराणिक, ग्रामीण क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए। गेस्ट ऑफ ऑनर, राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. सुधीर रानीवाला ने मुख्य भाषण दिया और विज्ञान और प्रौद्योगिकी और शिक्षा में इसके उपयोग पर विस्तार से बात की। इसके साथ ही वोट ऑफ थैंक्स का समय आ गया, जिसे डॉ. मोना केजरीवाल, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, डीएसटी-एफआईएसटी, आरडी नेशनल कॉलेज, राष्ट्रीय गान के बाद एक रोमांचक और एक उत्साहजनक घटना का अंत संपन्न हुआ।

## अहमदाबाद से जयपुर आ रही फ्लाइट के अंदर टेक ऑफ के दौरान घुसा कबूतर, यात्रियों ने किया हंगामा

**अहमदाबाद** से जयपुर आ रही गो एयर की फ्लाइट जी8-702 में शुक्रवार को टेक ऑफ के वक्त कबूतर घुस गया और इधर-उधर उड़ने लगा। यह देखकर वहां मौजूद क्रू मेंबर्स और यात्रियों में हलचल मच गई। बाद में फ्लाइट का गेट खोलकर कबूतर को निकाला गया। यात्रियों ने अपने मोबाइल फोन से पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। हालांकि, इसके बावजूद फ्लाइट अपने निर्धारित समय शाम 6:45 के बजाय 6:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंची। अहमदाबाद से जयपुर आ रही इस फ्लाइट को शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे एप्रिन पर लाया गया। एक-एक यात्री फ्लाइट में बोर्ड हुए। जब फ्लाइट में सभी यात्री बैठ गए तो फ्लाइट्स के गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद फ्लाइट शाम 4:50 बजे टेक ऑफ के लिए रनवे पर आने ही वाली थी, तभी एक यात्री ने अपना हैंड बैग रखने के लिए फ्लाइट के लगेज शैल्फ को खोला, जिसमें से कबूतर निकला। कबूतर को फ्लाइट में देख सभी यात्री हैरान रह गए। यात्रियों ने हंगामा भी किया। क्रू मेंबर्स ने कुछ देर में यात्रियों को शांत करवाया।

## लोकप्रिय धारावाहिक भाभीजी घर पर है, के बेहद लोकप्रिय कलाकर तिवारी जी (रोहिताश गौर) की बेटी गीति गौर ने रखा फिल्मी दुनिया में कदम





### इस मौके पर दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान को संगीत लांच क्रार्यक्रम के अवसर पर उन्हे सम्मान रत्न अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया







**लोकप्रिय** धारावाहिक भाभीजी घर पर है, के बेहद लोकप्रिय कलाकार तिवारी जी (रोहिताश गौर) की बेटी गीति गौर ने फिल्मी दुनिया में कदम रखते ही म्यूजिक वीडियो I Wll Alwaiz Blindly Love U से अपने करियर की शूरूआत कर रही है। हालाकि में आंकाक्षा एम अमीन, गीति गौर, मृदल श्री वास्तव, रोहिताश गौर, डा. रेखा गौर कामेडियन वीआईपी, सुरिंदर, परितोष, जे अब्बास, मायकल अमीन, आर स्वामी, आदि सितारे इस मौके पर उपस्थित थे। इस वीडियो का निर्देशन आंकाक्षा एम.अमीन ने किया है। रोहिताश ने कहा कि मैं अपनी बेटी के लिए खुश हूँ वह मेहनत करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इस मौके पर गीति का कहना है, कि मुझे बेहद खुशी है, कि मेरा डेब्यू अमित मिश्रा के गाने पर हो रहा है। यह मेरा पहला एक्टिंग प्रोजेक्ट है। मैं बेहद खुशकिस्मत हू कि मुझे ऐसा पिता का साथ मिला है, जो हमैशा मेरे साथ खडे रहते है, और मेरे हर फैसले में मेरा साथ देते है। इस मौके पर दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान जी को संगीत लान्च समारोह क्रार्यक्रम में सम्मान रत्न अवॉर्ड देकर उन्हे सम्मानित किया। यह सम्मान रत्न अवॉर्ड आकांक्षा एम अमीन द्वारा निर्देशित इस क्रार्यक्रम में उन्हे अभिनेता रोहिताश गौर (भाभीजी घर पर है फेम तिवारी जी) द्वारा उन्हे इस अर्वाड से सम्मानित किया गया। दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान ने सभी का आभार व्यक्त किया है।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# केजरीवाल का ऐलान- मृतकों के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा के बाद अब हालात में सुधार हो रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हिंसा में कमी आई है। इस हिंसा में सभी को नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को दो-दो लाख का मुआवजा दिया जा एगा। जिसका घर जला उन्हें 5 लाख का मुआवजा मिलेगा। जिन लोगों की दुकानें जलीं है उन्हें भी 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा।



दिल्ली हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'कोई भी घायल अगर प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराता है तो उसका खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। 'फरिश्ते' योजना के तहत सभी घायलों का फ्री में इलाज कराया जाएगा। दिव्यांग हुए लोगों को 5 लाख का मुआवजा दिया जाएगा। हिंसा में अनाथ होने वाले बच्चों को 3-3 लाख मुआवजा दिया जाएगा।'

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ितों को फ्री में खाना पहुंचाएगी। हेल्पलाइन नंबर जारी किए जा रहे हैं। मोहल्लों में शांति और अमन बनाए रखने के लिए हर जगह पीस कमेटी बनाई जा रही है। दिल्ली सरकार की तरफ से हिंसा पर लगाम के लिए हरसंभव जरूरी कदम उठाया जा रहा है।

दिल्ली हिंसा में आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन का नाम आने के सवालों पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी का कोई नेता हिंसा में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे दोगुनी सजा दी जाए। जो भी इस मामले में दोषी पाया जाए उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## कहां है दिल्ली हिंसा में गोलियां चलाने वाला शाहरुख, सवालों के घेरे में दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में जाफराबाद हिंसा में एक शख्स ने पुलिस और भीड़ पर 8 राउंड गोलियां चलाई थीं। यहां तक कि उसने एक पुलिस वाले पर भी पिस्तौल तान दी थी, जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया से लेकर मेन स्ट्रीम मीडिया तक पर खूब वायरल हुई। उस शख्स की पहचान शाहरुख के रूप में हुई थी। पहले ऐसी खबर सामने आ रही थी कि जिस दिन हिंसा में शाहरुख ने गोलियां चलाई थीं, उसी शाम को उसे पकड़ लिया गया था, लेकिन अब दिल्ली पुलिस ने इस पर अपनी सफाई दी है कि शाहरुख अभी भी फरार है। यहां तक कि उसका कोई सुराग भी नहीं लग रहा है। अब सवाल ये है कि आखिर शाहरुख है कहां और उसके दिमाग में कौन सी नई खुराफात सूझ रही है।

बताया जा रहा है कि शाहरुख दिल्ली के थाना उस्मानपुर के अरविंद नगर की गली नंबर-5 में यू-108 में रहता है। इन दिनों उसके घर के बाहर ताला लटका हुआ है। अब ना तो शाहरुख का पता चल रहा है, ना ही उसके परिवार का कोई सुराग मिल रहा है। बता दें कि उसके साथ परिवार में एक बड़ा भाई और मां-बाप हैं, लेकिन फिलहाल पूरा परिवार ही लापता है, जिनके बारे में कोई कुछ नहीं बता पा रहा।

दिल्ली हिंसा में पिस्तौल लहराने और गोलियां चलाने वाले शख्स के अब तक नहीं पकड़े जाने से पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि इस घटना का वीडियो, शाहरुख की तस्वीरें सब कुछ खूब वायरल हुआ, लेकिन पुलिस के हाथ खाली हैं। वहीं शाहरुख के गिरफ्तार होने की खबरें कई दिनों से सामने आ रही थीं, लेकिन पुलिस ने अब तक इस अफवाह को खारिज नहीं किया था। सवाल उठते हैं कि आखिर पुलिस इतने दिनों बाद क्यों सफाई दे रही है। हिंसा की वजह से दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था काफी तगड़ी थी, लेकिन बावजूद इसके शाहरुख का निकल भागना दिल्ली पुलिस की काबीलियत पर सवालिया चिन्ह लगा रहा है। हिंसा में शामिल शाहरुख के पिता का नाम शावर पठान है और बताया जा रहा है कि उनका परिवार 1985 से ही वहां रहता है। बताया जा रहा है कि ड्रग्स बेचने के मामले में शावर पठान दो बार जेल भी जा चुका है। हाल ही में वह जेल से छूटा था। इतना ही नहीं, ये भी कहा जा रहा है कि पहले शावर पठान एक सरदार था, लेकिन बाद में एक मुस्लिम महिला से शादी कर के उसने अपना धर्म बदल लिया।

## दिल्ली हिंसा से योगी सरकार भी अलर्ट, सीमा से सटे जिलों में खास अफसर भेजे गए

**लखनऊ।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर तीन दिन तक सुलगने के बाद दिल्ली आज शांत दिख रही है। अब तक इस बवाल में 20 लोगों की मौत हो चुकी है और 150 से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। दिल्ली हिंसा ने पड़ोसी राज्यों को भी अलर्ट कर दिया है। खासकर दिल्ली में हुई हिंसा से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार खास सतर्क हो गई है। प्रशासन की दिल्ली की सीमा से सटे जिलों पर पैनी नजर है।

सूत्रों के अनुसार, इसके लिए मुख्यालय से इन जिलों में कई वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है, जो सुरक्षा प्रबंधन संभालेंगे। इसके अलावा कई स्थानों पर एहतियात के तौर पर पीएसी को तैनात कर दिया गया है। खुफिया एजेंसियों ने उत्तर प्रदेश समेत कुछ राज्यों में विरोध प्रदर्शन, हिंसा भड़कने की आशंका जताई है। इसी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। पड़ोसी राज्यों में भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।



सीएए को लेकर प्रदेश के लखनऊ, फिरोजाबाद, बागपत, मेरठ और अलीगढ़ सहित कई जिलों में हिंसा हो चुकी है और कई जिलों में अभी भी प्रदर्शन चल रहे हैं। इसी बीच इस मुद्दे पर दिल्ली में दंगा भड़क गया। दिल्ली सीमा से सटे नोएडा, गाजियाबाद, बागपत और बुलंदशहर के अलावा संवेदनशील अलीगढ़, मुजफ्फरनगर और संभल को लेकर उत्तर प्रदेश शासन ने पहले ही तैयारी कर ली है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हितेशचंद्र अवस्थी ने बताया, ह्यउत्तर प्रदेश के सभी जिलों में शांति है, फिर भी दिल्ली बॉर्डर वाले जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी भेजे गए हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। साथ ही अतिरिक्त फोर्स के रूप में पीएसी भेज दी गई है। राजधानी लखनऊ में भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है। लखनऊ के पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे ने बताया, लखनऊ के घंटाघर इलाके में और अधिक संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, जहां पिछले एक महीने से ज्यादा समय से सीएए के खिलाफ महिलाएं धरना-प्रदर्शन कर रही हैं।

## धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार, नहीं कोई जिम्मेदार!

**लखनऊ।** शहर के कई इलाकों में धड़ल्ले से हुक्का बार चल रहे हैं। ज्यादातर जगह नाबालिगों को हुक्के में फ्लेवर्ड के नाम पर तंबाकू का सेवन करवाया जा रहा है। खुलेआम नाबालिगों को नशा परोसे जाने के बावजूद कोई भी विभाग निगरानी या कार्रवाई का जिम्मा लेने को तैयार नहीं हैं।

अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने में जुटे हैं। कोटपा ऐक्ट के तहत तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना होता है। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी हुक्का बार के लिए कोई लाइसेंस जारी न करने की बात कहकर किनारा कसने में जुटे हैं।

सीएमओ, ड्रग विभाग और एफएसडीए के अधिकारियों का भी कुछ ऐसा ही रुख है। इस बीच पुलिस कमिश्नर ने हुक्का बार में तंबाकू और नशीले पदार्थों का सेवन करवाने वालों पर लगाम के लिए चेकिंग अभियान शुरू करने की बात कही है। हुक्का बार के लिए हमारे स्तर से कोई लाइसेंस नहीं दिया जाता। इसके लिए एफएसडीए की ड्रग यूनिट से संपर्क करें।

-नरेंद्र अग्रवाल, सीएमओ

ड्रग यूनिट दवाओं का लाइसेंस देती है। हुक्का बार इससे संबंधित नहीं है। यह फूड यूनिट के दायरे में आता होगा।

-रमाशंकर सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर, ड्रग

हुक्का बार के लाइसेंस के लिए कोई गाइड लाइन नहीं है। यह फूड प्रॉडक्ट की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे एफएसडीए की टीम निगरानी नहीं करती है।

-डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, डीओ, एफएसडीए

## घूस का केस उजागर किया तो नीतीश सरकार देगी 50 हजार तक का इनाम

**पटना।** अगली बार किसी सरकारी अफसर या कर्मचारी ने घूस मांगी तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। रिश्वत का केस रिपोर्ट करने पर आपको इनाम भी मिलेगा। यही नहीं चाय-पानी और कोर्ट आने-जाने का खर्च भी आपको झेलने की जरूरत नहीं है। जी हां, बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है।

नीतीश कैबिनेट ने गुरुवार को एक प्रस्ताव पर मुहर लगाई है, जिसमें रिश्वतखोरी के मामले रिपोर्ट करने पर जनता को 1 हजार से लेकर 50 हजार रुपये के इनाम का प्रावधान है। नीतीश कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव समेत 16 प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# गर्मी में बाहर जाने की जरूरत नहीं है, आपके राज्य में भी मौजूद हैं हिल स्टेशन्स

*गर्मी का मौसम आते ही ज्यादातर लोग हिल स्टेशन का रुख करने लगते हैं। अक्सर लोग किसी दूसरे राज्य के हिल स्टेशन जाने का प्लान बनाते हैं। इसके कारण लोगों को भाषा, खान-पान, जानकारी न होने, ज्यादा खर्च जैसी कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर हिल स्टेशन आपके अपने राज्य में ही हो तो इसके इच्छा क्या होगा। यहां हम भारत के ज्यादातर राज्यों में मौजूद हिल स्टेशन के बारे में बता रहे हैं।*

**अराकू वैली, आंध्र प्रदेश**

आंध्र प्रदेश में स्थित अराकू वैली एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन गलिकोंडा, रक्तकोंडा, सुन्करिमेत्ता, चिटमोगोंडी जैसे पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहां का फ्राइड चिकन कापी फेमस है, अगर आप अराकू जाते हैं, तो इसका स्वाद लेना ना भूलें।

**तवांग, अरुणाचल प्रदेश**

हिमालय की खूबसूरत वादियों के बीच अरुणाचल प्रदेश में स्थित तवांग अपने बौद्ध मठ के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यह विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध मठ माना जाता है। तवांग की प्राकृतिक खूबसूरती को देखकर किसी को भी इस जगह से प्यार हो जाएगा।

**हफ्लॉन्ग, असम**

हफ्लॉन्ग असम का एकमात्र हिल स्टेशन है, जो दिल को छू लेने वाले नजारों और धुंध से ढकी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। हफ्लॉन्ग का मतलब होता है सफेद चीटियों का पहाड़। हसीन वादियों में बसा यह टूरिस्ट डेस्टिनेशन अपने सुहाने मौसम के लिए भी जाना जाता है।

**मैनपाट, छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में विंध्य पर्वतमाला पर बसा हुआ है मैनपाट। इसे छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है। यहां कई झरने, नदियां और मनोरम स्थान हैं। साथ ही यहां आप टाइगर पॉइंट, फिश पॉइंट और मेहता पॉइंट का नजारा जरूर देखें।



**चोरला घाट, गोवा**

देश के सबसे पसंदीदा टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में गोवा हमेशा से टॉप पर रहता है। अपने समुद्र तटों के लिए फेमस गोवा में चोरला घाट एक बेहतरीन जगह है। यह राजधानी पंजी के नॉर्थ-ईस्ट में स्थित है। यहां कई बेहद खूबसूरत झरने मौजूद हैं।

**पावागढ़, गुजरात**

वडोदरा से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पावागढ़ गुजरात का खूबसूरत हिल स्टेशन है। धार्मिक स्थल होने के साथ-साथ प्राकृतिक आकर्षणों और ऐतिहासिक महत्व को लेकर पावागढ़ में भारी संख्या में पर्यटक आते हैं।

**नंदी हिल्स, कर्नाटक**

नंदी हिल्स कर्नाटक का सबसे फेमस और ऐतिहासिक हिल स्टेशन है। नंदी हिल्स पर एक प्राचीन किला भी है। प्राकृतिक रूप से मनोहर और बेहद शांत होने के साथ ही नंदी हिल्स, ऊबड़-खाबड़ और घुमावदार रास्ते की वजह से बाइकर्स के बीच भी काफी फेमस है। इसके अलावा ट्रेकिंग का शौक रखने वाले लोग भी नंदी हिल्स पहुंचकर हाइकिंग चैलेंज लेते हैं।

**नेतरहाट, झारखंड**

छोटानागपुर की रानी के नाम से फेमस नेतरहाट झारखंड ही नहीं पूरे देश में प्रसिद्ध है। राज्य लातेहार जिले में स्थित नेतरहाट का मौसम सालभर खुशनुमा रहता है। यहां आने वाले पर्यटक यहां के सूर्योदय और सूर्यास्त देखना कभी नहीं भूलते।

**गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर**

गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर के सबसे खूबसूरत इलाकों में से एक है। सर्दी में यहां पर देशी और विदेशी सैलानी बर्फबारी का मजा लेने के लिए आते हैं। लेकिन गर्मियों के दौरान भी यहां काफी भीड़ होती है।

**छितकुल, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश की सांगला घाटी में भारत-चीन बॉर्डर के पास बसपा नदी के किनारे बसा छितकुल एक छोटा-सा पहाड़ी गांव है। यह कहने की जरूरत नहीं कि छितकुल पर प्रकृति का अनूठा प्रेम बरसता है। यहां लोग लकड़ियों के बने घरों में रहते हैं।

**मोरनी हिल्स, हरियाणा**

मोरनी हरियाणा के पंचकूला जिले का एक गांव और पर्यटन स्थल है। यह चंडीगढ़ से 45 किलोमीटर और पंचकूला शहर से 35 किमी दूर स्थित है। यह अपने खूबसूरत दृश्यों, वनस्पतियों और झीलों के लिए जाना जाता है।

**जूकू वैली, मणिपुर**

नगालैंड और मणिपुर की सीमा पर स्थित जूकू वैली अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। कभी बेजान और निर्जन मानी जाने वाली इस वैली में अब हरे-भरे पहाड़, नीला आकाश और बीच से अटखेलियां करती हुई गुजरती नदी को देखकर लगता है कि जन्नत में पहुंच गए हैं। ट्रेकिंग के शौकीन लोगों के लिए यह एक बेहतरीन जगह है।

**माथेरान, महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र का छोटा सा हिल स्टेशन है माथेरान। पहाड़ियों से घिरी इस जगह पर घने जंगल भी हैं जहां तेंदुए, हिरण, मालाबार जायंट गिलहरी, लोमड़ी, जंगली सूअर, मोंगोज और लंगूर जैसे जानवर पाए जाते हैं।

**पचमढ़ी, मध्य प्रदेश**

पचमढ़ी मध्य प्रदेश में घूमने के लिए एक बेहतरीन स्थान है। सतपुड़ा की रानी यानी पचमढ़ी के झरने और प्राकृतिक ताल बेहद सुकून देने वाले हैं। अगर अपने साथी के साथ खूबसूरत और शांत डेस्टिनेशन पर समय बिताना चाहते हैं, पचमढ़ी आपके लिए बेहतरीन जगह है।

**लेह-लद्दाख**

लेह-लद्दाख लगभग हर ट्रैवलर की लिस्ट में सबसे ऊपर होता है। यह तमाम सारे लोगों का ड्रीम डेस्टिनेशन है। हल्की हवाओं के साथ रोड पर बाइक चलाना, लोकल लोगों के साथ समय बिताना, ट्रेकिंग पर जाना और अडवेंचरस जर्नी में पहाड़ों पर स्वतंत्र होना सीखना आपको सबसे अलग अनुभव देता है।

**मुन्नार, केरल**

मुन्नार दक्षिण भारत का बेहद ही खूबसूरत और पॉप्युलर हिल स्टेशन है। यहां की हरियाली, चाय के बागान और खूबसूरत साइट्स की वजह से यह भारत के फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में से एक है। केरल का खूबसूरत हिस्सा मुन्नार उन लोगों के लिए बेस्ट है जो नेचर लवर हैं।

**चेरापूंजी, मेघालय**

सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस मेघालय का चेरापूंजी गर्मियों में घूमने के लिए बेस्ट जगह है। चेरापूंजी से करीब 7 किमी दूर नोंहकलिकई फॉल्स स्थित है, जो भारत का 5वां सबसे ऊंचा वॉटरफॉल है।

**फेक, नगालैंड**

लैंड ऑफ फेस्टिवल के नाम से फेमस नगालैंड अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन यहां की प्राकृतिक खूबसूरती किसी को भी मंत्रमुग्ध कर सकती है। नगालैंड का हिल स्टेशन 'फेकछ भी काफी खूबसूरत है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढेगी।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# टूटी हड्डी को जल्दी जोड़ें ये 3 रामबाण नुस्खे

**हड्डी,** यह हमारे शरीर का एक अहम हिस्सा है। अगर हड्डियां फिट हो तो ऐसे में शरीर भी स्वस्थ और तदुंरूस्त रहता है। लेकिन कई बार क्या होता है कि हड्डियों में लचीलापन कम हो जाता है या फिर हड्डियां कमजोर पड़ जाती है जिससे कि चोट लगने पर हड्डी फ्रैक्चर हो जाती है। आज हम आपको बताएंगे कि जब हड्डी टूट जाएं तो कुछ घरेलू तरीकों से हड्डी को जल्दी कैसे जोड़ा जा सकता है।

1. **देसी घी**: दो चम्मच देसी घी, एक चम्चम गुड़ और एक हल्दी, इन सब को एक कप पानी में मिलाकर कर उबाल लें। जब पानी आधा रह जाए तब गैस बंद कर दें और इसे ठंडा होने के लिए रख दें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए तब इसका पीएं। इस नुस्खे से हड्डी तेजी से जुड़ने में मदद मिलती है।
2. **प्याज**: एक चम्मच हल्दी को एक पिसे हुए प्याज में मिला कर एक कपड़े में बांध लें। फिर इस कपड़े को तिल के तेल में गर्म करें। फिर जहा हड्डी टूटी है वहा हल्के हाथों से इस कपड़े से सिकाई करें।
3. **उड़द दाल**: सबसे पहले हड़जोड़ की जड़ी-बूटी को सूखा कर उसमें उड़द की दाल मिला लें और अच्छी तरह पीस कर इनका पेस्ट तैयार कर लें। फिर इस लेप को टूटी हड्डी पर लगाएं और ऊपर से साफ कपड़ा बांध दें। इस क्रिया को कम से कम एक महिने तक अपनाएं। इस उपाय को करने से आपको काफी सुधार नजर आएगा।

**जरूरी बात**:
हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम सबसे अधिक जरूरी है। इसलिए कैल्शियम वाली चीजों का अधिक से अधिक सेवन करें। जैसे- दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मछली आदि।

# मुंह-जीभ में पड़ गए है छाले तो अपनाएं 6 रामबाण नुस्खें

***मुंह** में छाले पड़ना, यह तो एक आम समस्या है। लेकिन अगर इस पर ठीक तरह से ध्यान ना दिया जाए तो यह समस्या आपके लिए खतरनाक भी साबित हो सकती है। इसलिए आज हम कुछ ऐसे 6 घरेलू नुस्खे लेकर आए है जिन्हें अपनाकर आप अपने मुंह और जीभ के छालों आसानी से ठीक कर सकते हैं।*



## शहद
मुंह के छालों को ठीक करने के लिए शहद एक दवाई की तरह काम करता है। रूई को शहद में डूबोकर छालों वाली जगह पर लगाएं।

## एलोवेरा
एलोवेरा के जूस या जेल को छालों वाली जगह पर लगाने से काफी आराम मिलता है।

## इलायची
दो-तीन इलायची को पीस कर एक चम्मच शहद में मिला लें। फिर इस मिश्रण को छालों वाली जगह पर लगाएं।

## घी
घी के इस्तेमाल से भी छालों की समस्या को दूर किया जा सकता है। घी को सोने से पहले छालों वाली जगह लगा लें।

## हरा धनिया
हरे धनिए की तीन-चार पत्तियों को पीस लें। फिर इसके रस को छालों वाली जगह पर लगाएं। ऐसा करने से छालों की समस्या दूर हो जाती है।

## बर्फ
बर्फ से भी छालों को ठीक किया जा सकता है। एक बर्फ का टुकड़ा लेकर छालों वाली जगह पच्चीस सैकेंड के लिए रखें। ऐसा करने से काफी राहत महसूस होती है।

# हो रही है सीने में जलन तो ऐसे पाएं छुटकारा!



आजकल गलत खान-पान और मसालेदार भोजन के कारण गैस,बदहजमी, एसिडिटी और खासतौर पर सीने में जलन हर 10 में से 6 व्यक्तियों को नजर आती है। यह जलन कभी-कभी गले में होती है तो कभी छाती में। यह इतनी भयानक होती है कि इससे पीड़ित रोगी बेचैनी का शिकार हो जाता है। कई बार तो समस्या इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टरी मदद लेनी पडती है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताने जा रहे है जिससे आप इस परेशानी का घर पर ही हल निकाल सकते हैं।

1. एक गिलास पानी में दो चम्मच शहद और दो चम्मच सेब का सिरका डालकर खाना खाने से पहले रोजाना पीएं। यह एक असरदार उपाय है।
2. खाना खाने से पहले एलोवीरा जूस पीने से राहत मिलती है।
3. भोजन खाने के बाद सौंफ जरूर चबाएं, इससे खाना असानी से पच जाता है।
4. ताजा पुदीने के पतों का रस रोज पीना लाभकारी है।
5. अदरक की चाय पीने से भी लाभ मिलता है।
6. रोज सुबह तुलसी के ताजा पते चबाएं।
7. सीने में जलन होने पर ठंड़ा दूध पीने से इस परेशानी से निजात पाई जा सकती है।
8. खाने में नींबू का प्रयोग जरूर करना चाहिए। भोजन करने के 1 घंटे पहले नींबू के रस में काला नमक मिलाकर पीने से सीने की जलन में फायदा मिलता है।
9. नारियल का पानी पीना भी सीने की जलन को खत्म करता है।

# कांपते हुए हाथ देते हैं इन बीमारियों के सकेत!



**बदलते** लाइफस्टाल और खान-पान की आदतों के कारण ज्यादातर लोग किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त रहते है। इसी वजह से शरीर में कमजोरी बन जाती है और बॉडी अच्छे से काम करना बंद कर देती है। कई बार लगातार काम करने या ज्यादा गुस्सा करने के हमारे हाथ-पैर कांपने लगते है, जिसको हम लोग नजरअंदाज कर देते है। ज्यादा देर तक यह प्रॉब्लम होने से कोई बड़ी बीमारी होने का खतरा बन सकता है। इसलिए समय रहते इसका इलाज कर लेना ही बेहतक है। आइए जानते है हाथ कांपने के पीछे कौन-कौन सी बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम का खतरा हो सकता है।

**1. हाई बीपी**
हाई बीपी होने से बॉडी का ब्लड सकुर्लेशन बढ़ जाता है, जिस वजह से हाथ कांपने लगते है।

**2. लो ब्लड शुगर**
बॉडी ब्लड शुगर लेवल लो होने के कारण स्ट्रेस बढ़ने लगता है औप हाथ कांपना शुरू हो जाते है।

**3.विटामिन बी12 की कमी**
इस विटामिन की कमी के कारण शरीर में कमजोकी आ जाती है, साथ ही हाथ कांपने लगते है।

**4. एनीमिया**
एनीमिया की समस्या होने के कारण शरीर में खून की कमी हो जाती है, जिस वजह से कमजोरी आने लगती है और हाथ-पैर कांपने शुरू हो जाते है।

**5. स्ट्रोक**
शरीर में स्ट्रोक होने के कारण ब्लड सकुर्लेशन सही तरीके सो नहीं हो पाता, जिस वजह से हा कांपने लगते है।

# कोच रवि शास्त्री ने की पुष्टि, पृथ्वी साव फिट और क्राइस्टचर्च में खेलने को तैयार




**क्राइस्टचर्च।** भारत के युवा ओपनर पृथ्वी साव फिट हैं और वह क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा होंगे, हेड कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। शास्त्री ने कहा कि पृथ्वी पैर की चोट से उबर चुके हैं।

पृथ्वी बाएं पैर में सूजन के कारण गुरुवार को ट्रेनिंग सेशन में नहीं उतरे थे जिसके बाद टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ गई थी। हालांकि अब खुशखबरी है कि शुक्रवार को पृथ्वी साव नेट्स में अभ्यास करते दिखे।

टीम के हेड कोच रवि शास्त्री भी उन पर नजर रख रहे थे। कैप्टन विराट कोहली ने उन्हें कुछ टिप्स भी दिए। शास्त्री ने इस ओपनर की फिटनेस पर तमाम आशंकाओं को दूर करते हुए कहा, 'पृथ्वी तैयार हैं।'

सीरीज के शुरूआती टेस्ट मैच में पृथ्वी कुछ खास नहीं कर सके थे। वह पहली पारी में टिम साउदी का शिकार बने और 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दूसरी पारी में वह ट्रेंट बोल्ट की छोटी गेंद पर 14 के निजी स्कोर पर आउट हुए।

भारतीय टीम की कोशिश क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी करने की होगी। टीम इंडिया को वेलिंग्टन में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

## टेस्ट में विकेटों की ट्रिपल सेंचुरी से केवल 3 विकेट दूर इशांत शर्मा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार पेसर इशांत शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार से सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारतीय टीम की कोशिश इस मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी करने की होगी। टीम इंडिया को वेलिंग्टन में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। पेसर इशांत क्राइस्टचर्च टेस्ट खेलने के लिए जब उतरेंगे तो उनकी नजरें भी अपने नाम एक उपलब्धि करने पर लगी होंगी। पहले टेस्ट में इशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्होंने पहली पारी में 5 विकेट झटके थे। यदि वह क्राइस्टचर्च में तीन विकेट और लेने में कामयाब होते हैं तो वह एक एलीट क्लब में शामिल हो जाएंगे। 31 साल के इशांत के नाम अभी तक 97 टेस्ट मैचों में 297 विकेट हैं। यदि वह सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में तीन विकेट लेते हैं तो वह 300 विकेट पूरे कर लेंगे और ऐसा करने वाले छठे भारतीय बोलर बन जाएंगे। दिग्गज कपिल देव और जहीर खान के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह तीसरे पेसर बनेंगे। टेस्ट क्रिकेट में 300 या उससे ज्यादा टेस्ट विकेट हासिल करने वालों में कपिल (434), जहीर खान (311) के अलावा दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले (619), हरभजन सिंह (417) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (365) भी हैं।

## महिला टी20 वर्ल्ड कप- आगे के मैचों में बचकानी गलतियां नहीं कर सकतेः हरमनप्रीत

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपने बल्लेबाजों से अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहने पर नाखुश दिखीं। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के बड़े मैचों से पहले बचकानी गलतियां करने से बचने के प्रति आगाह किया। भारत का मध्यक्रम लगातार अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहा है।

वर्ल्ड कप अभियान में जुटी टीम इंडिया ने आज अपने तीसरे लीग मैच में न्यूजीलैंड को हरा अपनी जीत की हैटट्रिक पूरी की। इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड पर 4 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद हरमनप्रीत ने कहा, 'टीम जीत दर्ज कर रही है लेकिन फिर भी हम पहले 10 ओवर अच्छे गुजरने के बाद वही गलतियां कर रहे हैं। हमें अच्छी शुरूआत मिलती है लेकिन हम उस लय को बरकरार नहीं रख पाते।'

उन्होंने कहा, 'आगे के मैच अधिक कड़े होंगे और हम बचकानी गलतियां नहीं कर सकते। शेफाली (वर्मा) हमें अच्छी शुरूआत दे रही हैं। उनके शुरू में बनाए गए रन हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।' 16 वर्षीय शेफाली




ने 34 गेंदों पर 46 रन बनाए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

शेफाली ने कहा, 'अच्छा लग रहा है। अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। लगातार ऐसा प्रदर्शन करना चाहती हूं। मैंने ढीली गेंदों का इंतजार किया और उन पर बड़े शॉट खेले।' न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपने गेंदबाजों की तारीफ की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठाने दिया।

उन्होंने कहा, 'हमने शेफाली की अच्छी शुरूआत के बाद उन्हें कम स्कोर पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया। जिस तरह से टीम जीत के करीब पहुंची वह शानदार था। एमिलिया केर ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई।'

# ल्योन ने रोनाल्डो और जुवेंटस को चौंकाया, 1-0 से हराया

**ल्योन।** फ्रांस के क्लब ल्योन ने चैंपियंस लीग में दिग्गज स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनकी टीम जुवेंटस को अंतिम-16 के पहले चरण में 1-0 से हराकर उन्हें चौंका दिया। फ्रांस के क्लब ने इटली के क्लब जुवेंटस को 10 साल बाद पहली बार हराया है। इस मैच के साथ ही रोनाल्डो का 11 मैचों से चला आ रहा लगातार गोल करने का सिलसिला खत्म हो गया।

लीग-1 में सातवें स्थान पर काबिज ल्योन चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में सबसे कमजोर टीम माना जा रहा था, लेकिन टीम के मैनेजर रुडी गार्सिया ने 3-5-2 के संयोजन के साथ टीम मैदान पर उतारी, जिसमें नए खिलाड़ी ब्रूनो गुइमारेस भी थे जो लीग में पदार्पण कर रहे थे। वह टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हुए। इस मिडफील्डर ने जुवेंटस के अटैक को परेशान किए रखा।

जुवेंटस के लिए रोनाल्डो ने चौथे मिनट में एक प्रयास किया था, जो डिफलेक्ट होकर बाहर चला गया था।




इसके बाद ल्योन ने भी आक्रमण किया, लेकिन कार्ल टोको-इकांबी का प्रयास विफल हो गया। इसके बाद रोनाल्डो ने एक और प्रयास किया और इस बार मैक्सवेल कर्नोट ने उनके प्रयास को अंजाम तक नहीं पहुंचने दिया।

ल्योन को हालांकि 31वें मिनट में सफलता मिल गई। एओयुर ने जुवेंटस के बॉक्स में प्रवेश किया और गेंद लुकास टाउसार्ट को दी जिन्होंने गोल करके स्कोर 1-0 कर दिया। पहले हाफ का अंत फ्रांस ने इसी अंतर से किया। दूसरे हाफ में सवाल था कि क्या ल्योन अपनी बढ़त को बनाए रख पाएगी या नहीं। फ्रांस के क्लब ने इसमें सफलता हासिल की और मैच अपने नाम करते हुए उलटफेर किया। दोनों टीमें अब 17 मार्च को तुरिन में एक-दूसरे का आमना-सामना करेंगी।

## कपिल देव की भारतीय क्रिकेटरों को सलाह- अगर थक गए हैं तो मत खेलो आईपीएल

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि वे खिलाड़ी, जो नियमित तौर पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेल रहे हैं और अगर उन्हें लगता है कि उनके लिए अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर बहुत बिजी है तो वे इंडियन प्रीमियर लीग (क्ढछ) को छोड़ कर सकते हैं। कपिल ने यहां एचसीएल के 5वें संस्करण के सम्मान समारोह से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए भारतीय टीम के खिलाड़ियों को यह सलाह दी।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आपको लगता है कि थक गया हूं तो मत खेलो आईपीएल। आप वहां अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। इसलिए अगर आपको लगता है कि आप थक गए हैं तो आप आईपीएल के दौरान हमेशा ब्रेक ले सकते हैं। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं तो फिर अलग भावना होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने की जरूरत होती है और इससे समझौता नहीं करना चाहिए क्योंकि वे फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलने में बहुत अधिक ऊर्जा लगाते हैं। पूर्व कप्तान ने हालांकि इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उन्होंने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड से मिली हार या फिर वनडे सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों में किसी भी तरह के थकान के संकेत देखे थे।

कपिल ने कहा, 'मुझे नहीं पता। टीवी देखना और बयान देना मेरे लिए बहुत मुश्किल और अनुचित है।' 16 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत के लिए 131 टेस्ट और 225 वनडे मैच खेलने वाले इस पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर ने कहा कि जब वे खेलते थे तो उन्हें भी थकान महसूस होती थी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# हमेशा से जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाना चाहती हूं: प्रियंका

**प्रियंका** चोपड़ा ने फिल्मों में अभी तक अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। केवल बॉलिवुड ही नहीं बल्कि हॉलिवुड में भी प्रियंका ने अपने किरदारों से लोगों प्रभावित किया है। हालांकि एक किरदार ऐसा भी है कि जिसे अभी तक प्रियंका नहीं निभा सकी हैं लेकिन वह हमेशा से उसे निभाना चाहती हैं। वह किरदार कोई और नहीं बल्कि मशहूर ब्रिटिश स्पाई जेम्स बॉन्ड का है जो कई दशकों से पूरी दुनिया में फेमस है। बताया जाता है कि प्रियंका भी जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्मों की बहुत बड़ी फैन हैं और वह पहली फीमेल जेम्स बॉन्ड बनना चाहती हैं। प्रियंका का मानना है कि रोल के लिए वह पर्फेक्ट चॉइस होंगी। प्रियंका ने कहा, मैं हमेशा से जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाना चाहती हूं लेकिन जाहिर सी बात है कि मैं खुद को इस रेस में नहीं रख सकी। मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी में फीमेल बॉन्ड को देखना दिलचस्प होगा फिर भले ही वह किरदार मैं निभाऊं या कोई और। प्रियंका ने यह साफ कर दिया कि वह इस बारे में काफी सीरियस हैं और इस रोल के लिए सही ऐक्टर हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या वह डैनियल क्रेग की जगह लेंगी तो उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात से खुशी होगी कि कभी इस किरदार को कोई महिला निभाए।



# दीपिका ने बताया शादी के बाद रणवीर में आया है यह बदलाव

**एक** लड़की को उसके सपनों का राजकुमार मिल जाए, इससे बड़ी बात भला क्या होगी। तब वह खुद को इस दुनिया की सबसे खुशनसीब लड़कियों में से एक समझेगी। दीपिका पादुकोण भी उन्हीं में से एक हैं। जब से उनकी शादी रणवीर सिंह से हुई है, तब से तो जैसे उनका हर सपना ही पूरा हो गया है। दीपिका और रणवीर ने पिछले साल इटली के लेक कोमो में शादी की थी। शादी के बाद दीपिका काफी खुश हैं और अपनी पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ को काफी अच्छे से मैनेज कर रही हैं। हाल ही में दीपिका ने रणवीर सिंह अपनी केमिस्ट्री और शादी के बाद की लाइफ के बारे में कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। दीपिका ने कहा, एक-दूसरे को हमसफर चुनना...मुझे लगता है कि यह मेरी लाइफ का बेस्ड डिसिजन्स में से एक था। मैं बहुत लकी हूं क्योंकि शादी के बाद में भी मुझे यह डेटिंग जैसा ही लगता है। फर्क बस इतना है कि शादी के बाद आप एक-दूसरे को और जान पाते हैं, देख पाते हैं और ढेर सारा वक्त साथ बिताते हैं। शादी के साथ कई तरह की जिम्मेदारियां आ जाती है। हमारी लाइफ में खूबसूरत चीजें हैं, ड्रामा, टेंशन या एंग्जाइटी के लिए तो कोई जगह ही नहीं। शादी के बाद रणवीर में क्या बदलाव आया है? यह पूछे जाने पर दीपिका ने कहा कि उन्हें इस बारे में ज्यादा पता नहीं है।

# करीना ने फैंस को बताया अपना फिटनेस सीक्रेट

**एक** समय में बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान को देखकर लड़कियों में साइज-जीरो का क्रेज हुआ करता था। शादी से पहले, शादी के बाद और फिर बेटे तैमूर के जन्म के बाद जिस तरह से करीना ने अपनी फिटनेस को मेंटेन किया, वह कमाल है। यूं तो करीना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं हैं लेकिन उनके फ्रेंड्स, फैमिली और फिटनेस ट्रेनर समय-समय पर करीना के वर्कआउट सेशंस शेयर करते रहते हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू में करीना ने अपनी फिटनेस मंत्र का भी खुलासा किया। यूट्यूब के प्रीटी-फिट के सीजन फिनाले में करीना ने फिटनेस सीक्रेट्स बताए। उन्होंने बताया कि फिल्म डॉन के बाद उन्हें अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज की जरूरत महसूस हुई। करीना ने यह भी बताया कि उन्हें वॉक करना पसंद है लेकिन फंक्शनल ट्रेनिंग और योगा उनके अल्टीमेट फिटनेस मंत्र हैं। अपने फेवरेट योगा पोस्चर के बारे में बताते हुए करीना ने कहा कि वे हर सुबह सूर्य नमस्कार करती हैं। टशन मूवी के टाइम वे एक बार में 108 सूर्य नमस्कार करती थीं। अब बेटे तैमूर के जन्म के बाद इसकी गिनती 50 हो गई है। बता दें टशन में करीना का साइज-जीरो फिगर काफी पॉपुलर हुआ था। वर्कआउट की बात करें तो करीना वर्कआउट सेशन में सबसे ज्यादा प्लाटे करती हैं। इसके अलावा वे रोप एक्सरसाइज, केटल-बेल स्क्वॉट्स और बॉक्सिंग करती हैं। साइज-जीरो फिगर के बारे में बताते हुए करीना ने कहा कि वे यह दोबारा नहीं करना चाहेंगी। उनका कहना है कि लोगों को सही बॉडी फॉर्म टारगेट करने की जरूरत है जिसपर उन्हें काम करना चाहिए। खाने के मामले में करीना हर मौके पर खाने के प्रति अपना प्यार दिखाती नजर आई हैं। वे बाहर का जंक फूड खाने के बजाय घर का खाना खाना पसंद करती हैं।

